## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता सेनानी का बलिदान दिवस मनाया



**सिलौंडी।** सिलौंडी स्वतंत्रता सेनानी कंधी लाल के अमर बलिदान दिवस पर विचार संगोष्ठी का आयोजन सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार, शंकर लाल राय, जयनारायण राय, नीरज जैन,सुधीर जैन,सतेंद्र राय ,कॉलेज प्राचार्य रतिराम अहिरवार के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर ग्राम के वार्डो का नाम करण , स्वतंत्रता सेनानी के नाम एक नर्सरी, नवयुवको को स्वतंत्रता सेनानी के जीवन परिचय का अध्ययन आदि विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान ग्राम के देवेंद्र राय, बैजू दहिया, देवेंद्र जैन आदि मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद

**कटनी।** खजुराहो लोकसभा के सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित ₹सेवा पखवाड़ा₹ के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कल, 17 सितंबर, बुधवार को कटनी आ रहे हैं। यह जानकारी भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक सोनी 'टंडन' ने दी। उन्होंने बताया कि सांसद श्री शर्मा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे सांसद जी सुबह 11:00 बजेः शासकीय जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री के भाषण के सीधे प्रसारण और स्वास्थ्य शिविर में भाग लेंगे। दोपहर 12:00 बजेः जिला अस्पताल में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में मौजूद रहेंगे। दोपहर 12:30 बजेः भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आधारित सचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन करेंगे।

### विधायक ने भाजपा जनों के साथ नगर में की साफ सफाई



**बड़वारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक देशभर में ' चलने वाले 'सेवा पखवाड़ा' के पूर्व मंगलवार को बड़वारा के मुख्य मार्ग पर धीरेन्द्र बहादुर सिंह बड़वारा विधायक के साथ बड़वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, हर्ष दुबे, संतोष दुबे, केतन गर्ग,अजय सोनी, वीरभद्र दुबे (छोटू महाराज), अंशुल सोनी, राजेश, अतुल गुप्ता सभी पार्टी पदाधिकारियों, नागरिक गण एवं स्थानीय अधिकारियों व कर्मचारियों के सौजन्य से साफ सफाई की गई एवं नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने का अनुरोध किया गया । इस पखवाड़े में स्वच्छता, जल संरक्षण, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे विषयों पर कार्यक्रम होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू यह अभियान समाज के हर वर्ग को सेवा से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

### सोहन को मिला प्रांतीय संयुक्त सचिव का दायित्व

**कटनी।** प्रदेश अध्यक्ष अजाक्स जे.एन. कंसोटिया द्वारा कटनी के पूर्व जिला अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी को मप्र अजाक्स का प्रांतीय संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौपी गई है। उनके इस नियुक्ति से कटनी एवं आसपास के जिलों में अजाक्स को बेहतर मजबूती प्रदान मिलेगी। सोहन चौधरी को संयुक्त सचिव बनाये जाने पर रामकालेश साकेत अजाक्स जिला अध्यक्ष सतना, गोंडवाना समाजिक उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष क्रांति कुँवर मरावी, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सैयाम, संरक्षक ए.के. कोरी, अनुज दाहिया, अरविंद सिंह धुर्वे अजाक्स जिलाध्यक्ष अजाक्स, महिला प्रकोष्ठ की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीतिमा सिंह धुर्वे श्रीमती विमला रैदास सहित संघ के सदस्यों ने बधाई प्रेषित की है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने शुरू किया 'सेवा पखवाड़ा'

सतना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर,भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की है। इस पखवाड़े के पहले दिन सतना जिले में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान,रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया।



भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय और मध्य प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,विधायक सुरेंद्र सिंह गहवार,महापौर योगेश ताम्रकार सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। महापौर योगेश ताम्रकार ने स्वयं श्रमदान और रक्तदान कर समाज सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता को हमेशा राष्ट्र की प्राथमिकता बनाया है,जिसके परिणाम स्वरूप देश भर में बड़े सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता 'श्यामू' ने बताया कि जिले के 26 मंडलों में रक्तदान शिविर,नदी,तालाबों और मंदिरों के आसपास स्वच्छता अभियान,और स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। जिला अस्पताल में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।इस अवसर पर पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने कार्यकर्ताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा सेवा भाव केवल भाजपा कार्यकर्ताओं में ही देखने को मिलता है।

### 'स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार' अभियान का लाइव प्रसारण

प्रधानमंत्री मोदी ने 'स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ मध्य प्रदेश के धार जिले से किया। सतना में इसका स्थानीय स्तर पर शुभारंभ सेमरिया चौक स्थित टाउन हॉल में हुआ,जहां राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया। इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागड़ी,सांसद गणेश सिंह,विधायक विक्रम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। शिविर में महिलाओं और किशोरियों का बीपी और हीमोग्लोबिन जैसी जांचें की गईं।

### स्वच्छता सेवा रैली का आयोजन

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर नगर पालिक निगम सतना के सौजन्य से एक स्वच्छता सेवा रैली भी निकाली गई। इसका उद्देश्य आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। रैली नगर पालिक निगम परिसर से शुरू होकर टाउन हॉल में समाप्त हुई।इसमें महापौर योगेश ताम्रकार,नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी और निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। राज्यमंत्री प्रतिमा बागड़ी ने जिला अस्पताल में स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए कहा कि अस्पतालों को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है,और हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यहां गंदगी न हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वच्छता को एक दिन का नहीं,बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाए। सांसद गणेश सिंह ने भी स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए लोगों से अपील की कि न खुद गंदगी करें और न दूसरों को करने दें।

## सर्किट हाउस ओवर ब्रिज पर भारी जाम, शहर की यातायात व्यवस्था से बेखबर पुलिस



**सतना।** शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है,और इसका सबसे ताजा उदाहरण बुधवार को सर्किट हाउस ओवर ब्रिज पर देखने को मिला,जहां दोपहर में भीषण जाम लग गया। इस जाम से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। चौंकाने वाली बात यह है कि यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए मौके पर एक भी यातायात पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। लोगों को खुद ही अपने वाहनों को निकालने का प्रयास करते देखा गया,जिससे स्थिति और भी खराब होती चली गई। यह घटना एक बार फिर से शहर की ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है। ऐसा लगता है कि यातायात पुलिस का ध्यान केवल शहर के बाहरी इलाकों में चेकिंग अभियान चलाने पर ही केंद्रित है,जबकि शहर के अंदरूनी हिस्सों की व्यवस्था से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। यह आम शिकायत बन गई है कि शहर के प्रमुख चौराहों और पुलों पर,जहां यातायात का दबाव सबसे ज्यादा होता है,वहां पुलिसकर्मी या तो दिखाई नहीं देते या उनकी संख्या बहुत कम होती है। ऐसा लगता है जैसे उनकी ड्यूटी केवल विशेष कार्यों या अधिकारियों के साथ रहने तक ही सीमित है। आम नागरिकों की परेशानी से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। क्या ट्रैफिक पुलिस की जिम्मेदारी सिर्फ चालान काटने तक ही सीमित रह गई है? क्या उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं है कि शहर के मुख्य हिस्सों में लगने वाले जाम से आम जनता का कितना समय और ईंधन बर्बाद होता है? यह स्थिति न केवल नागरिकों के लिए असुविधाजनक है,बल्कि यह पुलिस की उदासीनता को भी दर्शाती है। जब तक ट्रैफिक पुलिस अपनी प्राथमिकताएं नहीं बदलेगी और शहर के अंदरूनी ट्रैफिक को गंभीरता से नहीं लेगी,तब तक शहर की यातायात व्यवस्था ऐसी ही बदहाल रहेगी। यह समय है कि वरिष्ठ अधिकारी इस मामले का संज्ञान लें और सुनिश्चित करें कि पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी को ईमानदारी से निभाएं,ताकि शहर के लोगों को हर दिन होने वाली इस परेशानी से मुक्ति मिल सके।

## श्रमिक दिवस पर भगवान विश्वकर्मा का किया गया पूजन

मैहर।

भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरज पाण्डेय रहे। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और विभिन्न आयामों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वक्ताओं ने श्रमिकों के अधिकारों,संगठित शक्ति और सामाजिक उत्थान पर अपने विचार रखे। इस आयोजन में श्रमिक वर्ग की भूमिका और उनके योगदान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,और जिला पंचायत सदस्या जयंती तिवारी ने भी श्रमिकों को संबोधित किया और उन्हें विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने समाज की प्रगति में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और उनके उत्थान,अधिकार और सम्मान की रक्षा का संकल्प लिया गया।

### स्मृति प्रसंग कार्यक्रम का आयोजन कल

सतना। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति संचालनालय संस्कृति विभाग भोपाल के निर्देशानुसार 19 सितंबर को शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर के सभागार में सायं 7 बजे से स्मृति प्रसंग कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। संगीत मूर्धन्य स्व.विष्णुनारायण भातखण्डे की पुण्यतिथि पर देश के ख्याति प्राप्त संगीतज्ञ पं.सज्जनलाल ब्रम्ह भट्ट भोपाल गायन एवं पं.संतोष संत इंदौर द्वारा बांसुरी वादन की प्रस्तुति दी जायेगी।

# एकेएस विश्वविद्यालय में गरिमामय रूप से मनाया गया इंजीनियर्स डे

सतना।




एकेएस विश्वविद्यालय में 15 सितंबर को इंजीनियर्स डे बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।यह दिवस भारत के महान अभियंता,योजनाकार,शिक्षा विद् एवं भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। श्री विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितंबर 1861 को कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले में हुआ था। उन्हें देश के निर्माण,सिंचाई और बांध निर्माण,जल प्रबंधन तथा औद्योगिक विकास में उनके असाधारण योगदान के लिए जाना जाता है। कावेरी नदी पर कृष्णराज सागर बांध और विभिन्न सिंचाई परियोजनाएँ उनकी प्रतिभा का जीवंत उदाहरण हैं। 1955 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किया। उनके योगदान की स्मृति में 1968 से प्रतिवर्ष 15 सितंबर को पूरे देश में इंजीनियर्स डे मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई। एकेएस विश्वविद्यालय में आयोजित इस अवसर पर सतना सीमेंट के वाइस प्रेसिडेंट (माइनस) इंजीनियर राजेश चौबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर इंजीनियर अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रोफेसर बी.ए.चोपड़े,आईक्यूएसी निदेशक जी.सी.मिश्रा तथा इंजीनियर आर.के.श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम में बी.टेक.माइनिंग अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने क्रिटिकल मिनरल्स विषय पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों में जागरूकता लाने हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश परिसीमन आयोग के चेयरमैन इंजीनियर एस.एन.मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इंजीनियर समाज निर्माण और तकनीकी विकास की रीढ़ होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार और शोध की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# भगवान विश्वकर्मा जयंती 'राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' के रूप में मनाई गई



**सतना।**भारतीय मजदूर संघ,मैहर द्वारा भगवान विश्वकर्मा की जयंती को राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाया गया। यह कार्यक्रम मैहर के पर्यटक सूचना केंद्र में आयोजित किया गया,जिसमें भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवेंद्र मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा के जीवन और दर्शन पर चर्चा हुई। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विजय मिश्रा ने की,जबकि समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल और भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने मौजूद रहे। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ से जुड़े विभिन्न संगठनों ने प्रदेश में श्रमिक दिवस पर अवकाश घोषित करने की मांग उठाई। कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मनोज शुक्ला ने किया।इस दौरान कई संगठनों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भारतीय मजदूर संघ की नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सभी उपस्थित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था माई की रसोई द्वारा की गई थी।

# अग्रवाल समाज ने मनाया अग्रसेन जयंती समारोह, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने दिखाया हुनर



**सतना।** अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अशोक और महामंत्री राम के सहयोग से अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल और सचिव पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में हुए कार्यक्रमों में महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताएं रखी गईं। नृत्य प्रतियोगिता में 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं की नवरात्रि स्पेशल नृत्य प्रतियोगिता में माया,मृदुला,रेणुका और रीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं,45 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं की नारी शक्ति पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता में साची,शिवांगी,अनामिका और मोनिका ने पहला स्थान हासिल किया।साक्षी,तनिष्का,शिवानी,राशि,पूजा और सारिका दूसरे स्थान पर रहीं,जबकि रोली,वंदना, प्रतिमा और मेघा तीसरे स्थान पर रहीं। कॉमेडी एक्ट में 'मां-बेटी के रिश्ते' पर आधारित कॉमेडी एक्ट में ममता और मृदुला प्रथम,रोली,वंदना,मेघा और पूजा द्वितीय,और अंजू,रितु,माया,रश्मि,प्रियंका और सरोज तृतीय स्थान पर रहीं।इस दिन के कार्यक्रम का मंच संचालन मंजूषा अग्रवाल ने किया। रेट्रो थीम पर फैंसी ड्रेस,ड्राई फ्रूट ट्रे डेकोरेशन और रुई की बाती से ज्वेलरी बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम में बीओडी(बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) मोनिका,नेहा,प्रीति,हेमा,मोनिका,मीना और पूर्व अध्यक्षशशि,डॉ.रश्मि,मीरा,ज्योत्सना,कुसुम,प्रतिमा,उषा,विनीता,शिल्पी,सरोज,मंजूषा और मनीषा सहित कई स्वजातीय बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की संयोजिका संगीता,एकता और नीति रहीं। प्रतियोगिताओं की जज श्रुति अग्रवाल,स्वाति तिवारी और किरण सिंह थीं।

## दिव्यांग 50-बॉल्स क्रिकेट नेशनल चैंपियनशिप की ट्रॉफी का अनावरण

**मैहर।** नवंबर 2025 में होने वाली दिव्यांग 50-बॉल्स क्रिकेट नेशनल चैंपियनशिप की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। यह आयोजन ऐम्चेयोर 50-बॉल क्रिकेट फेडरेशन (इंडिया) द्वारा पारा क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के सहयोग से किया जा रहा है। इस मौके पर जिलाधिकारी रानी बाटड़,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,भाजपा जिलाध्यक्ष,और एडीएम शैलेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस चैंपियनशिप में देशभर से 12 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग सशक्ति करण, प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत मिशन' को बढ़ावा देना और दिव्यांग खेलों के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह आयोजन मैहर के पर्यटन स्थलों को भी नई पहचान दिलाएगा।

## नवागत पुलिस अधीक्षक ने लिया मां शारदा का आशीर्वाद

**मैहर।** जिला के नवागत पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह मैहर पहुँचकर सबसे पहले मां शारदा मंदिर में दर्शन किए।उन्होंने आगामी शरद नवरात्रि मेले की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी,यातायात प्रभारी निपेंद्र सिंह और अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## 'नमो उपवन' बॉटनिकल गार्डन का उद्घाटन

मैहर।

स्वच्छता पखवाड़ा (पंद्रह दिवसीय अभियान) के तहत 17 सितंबर,को जिला कलेक्ट्रेट परिसर मैहर में बॉटनिकल गार्डन 'नमो उपवन' का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और कलेक्टर रानी बाटड़ उपस्थित रहीं। इस उपवन को जैव विविधता और स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। यह 'स्वच्छ भारत अभियान' के राष्ट्रीय लक्ष्यों से जुड़ा हुआ है। इस गार्डन में नीम,बरगद,कदम,पलास जैसे 22 पौधे लगाए गए हैं, जिनमें कई औषधीय और फलदार पेड़ भी शामिल हैं।

## मैहर में रजक समुदाय का अभिनंदन समारोह आयोजित

**मैहर।** रजक समुदाय संगठन की जिला इकाई द्वारा शारदा आईटीआई टॉकीज में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार रजक को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके साथ दिनेश रजक और कैदीलाल रजक को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया,जिसमें समुदाय के कई सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चित्रकूट दीपावली मेला की तैयारी बैठक आज

**सतना।** आगामी चित्रकूट दीपावली मेला वर्ष 2025 की तैयारियों आदि के संबंध में चित्रकूट में आवश्यक व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था रखने के उद्देश्य से 18 सितंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से नगर पंचायत चित्रकूट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने सर्व संबंधितों को निर्देशित किया है कि बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**मैहर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर मैहर के घंटाघर क्षेत्र में एक भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में आम नागरिकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर रानी बाटड़,और सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अभियान के माध्यम से नगरवासियों ने स्वच्छता का संकल्प लिया और प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत मिशन' को सफल बनाने का आह्वान किया।

### सफाई मित्रों का सम्मान

'स्वच्छता ही सेवा 2025' के समापन कार्यक्रम के दौरान मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और कलेक्टर रानी बाटड़ ने सफाई मित्रों का सम्मान किया और उन्हें पुरस्कार राशि वितरित की।

**खबर संक्षेप**

## अमानगंज में विश्वकर्मा जयंती का पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया

**अमानगंज।** नगर में विश्वकर्मा जयंती का पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रॉयल प्राइवेट आईटीआई सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम आयोजित किए गए। रॉयल प्राइवेट आईटीआई में संस्था के प्राचार्य, प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मशीनों, उपकरणों और वाहनों की विधिवत पूजा की गई। नगर के वार्ड नंबर 05 में शंकर बाबा मंदिर एवं विभिन्न कार्यस्थलों, संस्थानों, दुकानों और घरों पर विश्वकर्मा जयंती का उल्लास देखा गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा कर प्रसाद का वितरण किया। नगरवासियों ने इसे मेहनतकश और तकनीकी वर्ग का प्रमुख पर्व बताते हुए आपसी एकता और प्रगति का संदेश दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग शामिल हुए और भगवान विश्वकर्मा से समृद्धि, प्रगति एवं सुख-शांति की कामना की।

## नगर परिषद अमानगंज में प्रधानमंत्री जन्मदिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण चला ओर हुआ कन्या पूजन

**अमानगंज।** नगर परिषद कार्यालय अमानगंज में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश के धार जिले में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक, मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी, अमित दुबेदी,प्रदीप अवस्थी , लखन तिवारी जी, महिला मंडल अधिकारि , कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। लाइव प्रसारण के पश्चात कन्या पूजन कर उन्हें प्रसाद उपहार प्रदान किए गए। उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर नगर परिषद कार्यालय का वातावरण उत्साहपूर्ण और भक्तिमय बना रहा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर मे स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ देवेंद्रनगर

# स्वास्थ्य है नारी का आधार इसे देना है सतत आधार डॉ. अभिषेक जैन

**देवन्द्रनगर।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे उक्त अभियान का शुभारम्भ नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी गुप्ता द्वारा किया गया मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक जैन द्वारा बताया गया कीआज देवेंद्र नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक सामाजिक संकल्प हैएक ऐसी पहल जो हमारे समाज की जड़ों को पोषण देने का कार्य करेगी नारी केवल एक व्यक्ति नहीं वह परिवार की धुरी है जब नारी स्वस्थ होती है तो उसका स्नेह उसकी ऊर्जा और उसकी देखभाल पूरे परिवार को समृद्ध बनाती है एक स्वस्थ नारी न केवल अपने बच्चों को पोषण देती है बल्कि पूरे समाज में समरसता और संतुलन की भावना को जन्म देती है। इस अभियान का उद्देश्य केवल रोगों की पहचान या उपचार नहीं है बल्कि यह एक चेतना हैएक जागरूकता कि नारी का स्वास्थ्य समाज की समृद्धि का आधार है। हम सबका यह दायित्व है कि हम महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें उन्हें जानकारी, सुविधा और सम्मान प्रदान करें क्योंकि जब नारी सशक्त होती है, तो परिवार सशक्त होता है और जब परिवार सशक्त होता है तो राष्ट्र सशक्त होता है। आइए हम सब मिलकर इस अभियान को जनजन तक पहुँचाएँ ताकि हर नारी स्वस्थ रहे हर परिवार समृद्ध बने और हमारा समाज एकता और समरसता की मिसाल बन जाए। एक महिला का स्वास्थ्य न केवल उसके व्यक्तिगत जीवन से जुड़ा होता है बल्कि पूरे परिवार और समाज पर उसका गहरा प्रभाव पड़ता हैयदि नारी स्वस्थ है तो परिवार में ऊर्जा खुशहाली और प्रगति अपने आप जुड़ जाती है इसी संदेश को आगे बढ़ाने के लिए आज सीएचसी देवेंद्रनगर में एक विशेष कार्यक्रम के तहत महिलाओं के लिए पोषण नियमित स्वास्थ्य जांच और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया जाएगा विशेषज्ञों का मानना है कि जब नारी शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त होगी तभी समाज में वास्तविक विकास



संभव हो पाएगा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाना है जिसमे सभी स्वास्थ्य संस्थाओ पर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाना है आज के उक्त कार्यक्रम में पार्षद गढ़ महिला बाल विकास से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग से आशा कार्यकर्ता और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संध्या सिंह ब्लाक कमेटी मोबिलाइज सोनम अवस्थी बी ई ई सोमवती प्रजापति उपस्थिति रही हैं।

# गुनौर विधायक ने किया 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा अभियान शुरू

**गुनौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुनौर में भारतीय जनता पार्टी के संगठन और सरकार के स्तर पर सेवा कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है।गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा के नेतृत्व में ष्सेवा पखवाड़ाष अभियान का शुभारंभ हुआ है, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा।विधायक ने सुबह ष्स्वच्छता ही सेवाष कार्यक्रम के तहत झाड़ू लगाकर सफाई की और विश्राम गृह परिसर में पौधारोपण किया गया । इस अवसर पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भी श्रमदान किया और सफाई के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलेगा। कार्यक्रम के पहले दिन सफाई मित्रों का सम्मान किया, एवं कृषकों को कृषि यंत्रों का वितरण,लाड़ली लक्ष्मी योजना की लाभान्वित बेटियों का सम्मान एवं प्रमाण पत्र वितरण,मेधावी छात्रों का सम्मान एवं प्रमाण पत्र वितरण,प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को चाबी वितरण एवं अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया।इस अवसर पर सुशील त्रिपाठी भाजपा उपध्यक्ष,अर्चना मलखान सिंह नगर परिषद अध्यक्ष, जलसी बाई जनपद अध्यक्ष, प्रीति पटेल मंडल अध्यक्ष, श्रीराम निवास एस.डी.एम, रानू जैन सीइओ गुनौर, तहसीलदार,धर्मेंद्र तिवारी,वेद नारायण शर्मा,चंदन सपेरा नगर परिषद उपाध्यक्ष, बृजेंद्र खम्परिया, विजय चतुर्वेदी सरपंच, दिव्यांशु दाहिया, रज्जु लाल लोधी, राजन पाठक, बद्री पटेल, मलखान सिंह, सोनू पाठक, रामनारायण दहिया, राजेंद्र चौबे,विटानू पटेल, पवन शर्मा,हरदयाल यादव सहित भाजपा कार्यकर्त्ता सहित नगर वासी उपस्थित रहे।



# शाहनगर में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**शाहनगर।** ग्राम शाहनगर में भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय कार्यशालाओं, दुकानों, और संस्थानों में पूजा-अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हवन और मंत्रोच्चारण के साथ हुई। स्थानीय कारीगर, मशीन ऑपरेटर, इंजीनियर तथा व्यापारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा की और उपकरणों का शुद्धिकरण किया। इस अवसर पर ग्राम के प्रमुख नागरिकों, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री योगेन्द्र चौबे सोनू जी , मनमोदी बर्मन, नत्थू साहू,तथा माधव कोटवार का फूल मालाओं से स्वागत किया गया श्री योगेन्द्र



चौबे जी ने भगवान विश्वकर्मा जी की आरती की और तिलक लगाकर अभिषेक किया और कहा कि ष्भगवान विश्वकर्मा श्रम, सृजन और निर्माण के प्रतीक हैं। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। ग्रामवासियों ने भी इस अवसर को सामाजिक एकता और सहयोग के रूप में मनाया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक सुनील सिंह, अवधेश कुमार साहू, मोती लाल रजक, मुन्ना लाल रजक, हरकेश यादव, राकेश यादव, गुलतार खान, कनछेदी साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शाहनगर में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सफाई कार्यक्रम आयोजित




**शाहनगर।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत ग्राम पंचायत शाहनगर में एक विशेष सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव द्वारा की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता, जनपद अध्यक्ष श्री आशीष खरे तथा मंडल के पदाधिकारीगण एवं ग्राम पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों एवं पंचायत परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाना था। ग्रामवासियों ने भी इस पहल की सराहना की और स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# मां-बेटे की हत्या का मामला: आम जनता ने किया चक्का जाम पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी



**अजयगढ़/पन्ना।** थाना अजयगढ़ अंतर्गत माधवगंज के वार्ड क्र0 13 में बीती रात महिला सोनू कुषवाहा उम्र 28 वर्षीय तथा 6 वर्षीय देवेन्द्र कुषवाहा की हत्या का मामला सनसनी खेज घटना घटित पुलिस आरोपी की तलाष में जुटी, घटना स्थल पर पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों में आईजी, डीआईजी तथा एडीषनल एसपी, एसडीओपी, व थाना प्रभारी सभी ने घटना का बारीकी से पड़ताल करने को लेकर प्रारंभिक रूप से घटना स्थल पहुंचकर जायजा लिया वहीं चका जाम करने वालों को पुलिस ने कार्यवाही का भरोसा दिलाकर जहां मार्ग का जाम खुलवाया। घटना को लेकर आम जनता में आक्रोष व्याप्त है पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी वहीं मामले में पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा खुलासा। वारदात में क्या महिला के साथ गलत कार्य को लेकर भी चर्चायें व्याप्त दिनांक 16-17 सितंबर 2025 की दरमियानी रात अजयगढ़ थाना क्षेत्र के रहुनिया, माधौगंज वार्ड 13 में बीती रात एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। सोनू कुशवाहा (उम्र लगभग 28 वर्ष, पतिरू नारायण) और उनके 6 वर्षीय मासूम बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। वहीं महिला के साथ क्या गलत कार्य किया गया मामले में कहीं न कहीं पीएम रिपोर्ट के बाद ही माना जायेगा। साथ ही घटना की वजह को लेकर भी तरह-तरह से चर्चायें व्याप्त है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।



एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया और थाना प्रभारी बखत सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया। जांच को गति देने के लिए डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पुलिस ने जल्द ही इस जघन्य अपराध का खुलासा करने का दावा किया है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। इस घटना को लेकर जहां पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने आम आदमियों को भरोसा दिलाया है जो घटना को लेकर आक्रोष में थे पुलिस अपना दायित्व निभाते हुये आरोपी को गिरफ्तार करके उसे कहीं न कहीं तत्काल प्रयास करते हुये कानून को ध्यान में रखते हुये कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा। घटना को लेकर बारीकी से जांच की जा रही है जल्द ही आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाने को लेकर अंजाम दिया जायेगा। वहीं घटना घटित होने से जहां समूचे क्षेत्र में आक्रोष के साथ-साथ भय के हालात भी कायम होना माना जा रहा है पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह भी जहां दुखित दास्तां को लेकर परिजनों से मिलने पहुंचे वहीं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से बात की साथ ही समाचार लिखे जाने तक यह भी बताया गया कि आईजी, डीआईजी व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना स्थल का जायजा लिया है। देखना यह है कि पुलिस कब तक आरोपी को अपने सिंकजे में लेगी वहीं पीएम रिपोर्ट आने के बाद भी मामले का खुलासा होगा महिला के साथ क्या घटना के कारित करने के पहले दुष्कृत्य किया गया यह तो पीएम रिपोर्ट से ही सामने आयेगा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले को लेकर तत्परता के साथ पड़ताल पर जुटी हुई है। घटना के खुलासे को लेकर जहां आरोपी तक पुलिस कब तक सिंकजे में लेगी यह आने वाला वक्त ही तय करेगा।

### इनका कहना है -

इस घटना को लेकर जहां पन्ना एसपी श्रीमती निवेदिता नायडू से बात की गई जो अवकाष पर थी जो घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल का जायजा लेने तत्काल ही पहुंच चुकी है जिन्होंने इस वारदात से संबंधित घटना स्थल में तकनीकी साक्ष्य जुटाये जा रहे है वहीं आसपास मोहल्ले वालों से भी जाना जा रहा है साथ ही घटना को लेकर 10 हजार का इनाम भी रखा गया जो कहीं न कहीं किसी भी तरह से आरोपी तक पहुंचने के लिये माना जा रहा है साथ ही आपके द्वारा इस घटना के खुलासे को लेकर विषेष पुलिस दल का गठन किया गया है जिसका नेतृत्व एसडीओपी अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया को जिम्मेदारी के रूप में दायित्व सोंपा गया है।

**निवेदिता नायडू, पुलिस अधीक्षक पन्ना**

# देवेंद्रनगर से सलेहा मार्ग की सड़कों की हालत बद से बदतर

### गड्ढे दे रहे मौत को आमंत्रण, जिम्मेदार मौन, ऑफिस में बैठ कर करते हैं निरीक्षण

**देवेंद्र नगर।** ग्रामीण बोले लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सोए कुंभकर्ण की नींद, बार-बार शिकायत करने पर भी नहीं किया समस्या का हल देवेंद्रनगर की बदहाल सडकों को देख ऐसा लगता है कि शायद लोक निर्माण विभाग कुंभकर्ण की नींद सोया हुआ है। खासकर सलेहा को जाने वाला मार्ग जिन पर सफर करना किसी मुसीबत को गले लगाने से कम नहीं रह गया है। ये बात समझ से परे होती जा रही है कि एक तरफ लोक निर्माण विभाग सलेहा मार्ग की सड़कों की व्यवस्थाओं को सुधारने पर करोड़ों रुपए खर्च करने के विलाप अलाप रही है, लेकिन सड़कों की हालत देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग का ये करोड़ों रुपए सड़कों को काला करने पर नहीं बल्कि मात्र कागजों को काला करने तक ही खत्म हो जाता है। देवेंद्रनगर के किसी भी कोने में चले जाएं, लेकिन हर तरफ सड़कों पर सफर करने बाले मुसाफिरों का स्वागत केवल गढ़ों से ही होता है। अगर बात सलेहा मार्ग सहित कई ऐसे सड़क मार्ग है जिन पर सफर करते समय दुर्घटना हो जाती है और मुसाफिर एक साथ चलते नजर आते हैं न जाने आखिर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी देवेंद्रनगर क्षेत्र की जनता की सुविधाओं को लेकर क्यूं नींद में है। क्यूं क्षेत्र की सड़कों को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। बता दें कि सडकें किसी भी क्षेत्र की भाग्य रेखाएं होती हैं, लेकिन देवेंद्रनगर क्षेत्र की ये भाग्य रेखाएं लोगों की जान की दुश्मन बनती जा रही है, लेकिन लोगों की बार-बार शिकायत के बावजूद भी विभाग समस्या का हल नहीं कर रहा है।



## क्षेत्रीय सांसद बी.डी. शर्मा का अल्प प्रवास संपन्न



**अमानगंज।** क्षेत्रीय सांसद बी.डी. शर्मा का नगर में अल्प प्रवास संपन्न हुआ। प्रवास के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए समाधान का आश्वासन दिया। सांसद ने विकास कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा आवश्यकतानुसार शीघ्र कार्यवाही करने की बात कही। प्रवास के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी स्थानीय कार्यकर्ता गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

# श्रीमद्भागवत कथा महापर्व का छठा दिवस रासलीला, मथुरा गमन और श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह ने भक्ति और दर्शन की गंगा बहाई




**देवेंद्रनगर (जिला पन्ना)।** पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से प्रवाहित श्रीमद्भागवत कथा महापर्व ने 17 सितम्बर को देवेंद्रनगर को भक्ति और अध्यात्म के महासागर में डुबो दिया। रासलीला, मथुरा गमन और श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह की कथाओं ने श्रद्धालुओं को दिव्य भावों से अभिभूत कर दिया।

स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने कहा परम ब्रह्म लीला पुरुषोत्तम यदुवंश शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल लीलाओं का प्रदर्शन नहीं, बल्कि समाज को आदर्श और मार्गदर्शन देने वाला है। जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब शक्ति और चेतना के साथ परमात्मा का अवतरण होता है। संसार उन्हें माखन चोर कहता है, पर वास्तव में वे माखन चोर नहीं थे। वे काम, क्रोध, लोभ, मोह, माया और मद — इन छह विकारों को हरने वाले थे। माखन चुराने के प्रतीक के पीछे यही भाव था कि वह संसार के विकारों को हरकर शुद्धता और विचारों की चेतना को जन्म दें। इसी कारण उनका नाम 'कृष्ण' पड़ा। रासलीला केवल नृत्य नहीं, आत्मा और परमात्मा के मधुर मिलन का प्रतीक है, जहाँ गोपियों का निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण भक्ति की चरम सीमा को दर्शाता है। मथुरा गमन अन्याय के विरुद्ध उठ खड़े होने और धर्म की स्थापना का आह्वान है। श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह का आशय यह था कि समाज को दांपत्य जीवन का आदर्श दिखाया जाए। परमात्मा ने रुक्मिणी के साथ विवाह कर यह शिक्षा दी कि जब धरातल में कोई अवतार होता है, तो वह शक्ति के रूप के साथ ही होता है और शक्ति के माध्यम से ही वंश, धर्म और समाज की स्थापना करता है। यह कथा हमें सिखाती है कि बिना शक्ति के परमात्मा भी अधूरा है। इसलिए जब-जब वे अवतरित हुए, शक्ति के साथ हुए और शक्ति के माध्यम से ही धर्म की स्थापना की। यदुवंश ने भी यही किया, और जब अत्याचार व अधर्म बढ़ा तो भगवान ने दुर्वासा के श्राप से यदुवंश का अंत भी कर दिया।"

### भक्ति–रस में डूबी अद्भुत झाँकियाँ

कथा स्थल पर मंचन हुआ मानो वृंदावन और मथुरा स्वयं अवतरित हो गए हों। गोपियों के संग नन्हे कन्हैया का नृत्य, मथुरा गमन का विशाल रथ, रुक्मिणी स्वयंवर और विवाह के झाँकी दृश्य देखते ही श्रद्धालु भक्ति–रस में डूब गए। जयकारों, शंखध्वनि और पुष्पवृष्टि से वातावरण गूँज उठा। भजन, मृदंग और बांसुरी की स्वर–लहरियाँ वातावरण को और भी अलौकिक बना रही थीं। महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग सभी भक्ति–संगीत में झूमते रहे।



### 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' से दिया विश्वकल्याण का संदेश

स्वामी जी ने कृष्ण के जीवन, माखन चोरी और रुक्मिणी विवाह की चर्चा करते हुए वेद–मंत्र ॐ सर्वे भवन्तु सुखिनः... सुनाया। उन्होंने कहा कि यही श्लोक श्रीकृष्ण के अवतार के उद्देश्य को स्पष्ट करता है "सभी सुखी हों, सभी निरोग रहें, सभी शुभ का अनुभव करें और किसी को भी दुःख न मिले" स्वामी जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण भी इसी विश्वकल्याण की भावना से हुआ था ।विकारों को हरकर विचारों को जगाना और समाज को प्रेम, साहस और शक्ति के साथ जीने की प्रेरणा देना। इस मंत्रोच्चार ने वातावरण को शांति और करुणा से भर दिया।

## मकानों पर चला बुलडोजर, रेलवे लाईन के दोहरीकरण में बन रहे थे बाधक



**हरपालपुर।** राजस्व और रेलवे प्रशासन ने संयुक्त रूप से बुधवार को हरपालपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसेड़ के चपरन गांव के 18 मकानों को ध्वस्त कर दिया। ये मकान उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मानिकपुर रेल लाइन के दोहरीकरण में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। नौगांव तहसीलदार रमेश कोल ने बताया कि इन घरों में रहने वाले ग्रामीणों को शासन की ओर से नियमानुसार मुआवज़ा राशि का वितरण किया जा चुका था साथ ही कई बार नोटिस देकर मकान तोडऩे छोडऩे को कहा गया था। चपरन गांव में 35 मकानों को तोड़ा जाना है जो रेलवे लाइन के दोहरीकरण में बाधक बन रहे हैं। इसमें से कुछ ग्रामीणों ने अपने मकानों को तोड़ लिया है। अभी मकान तोडऩे की कार्यवाही चल रही है। अभी करीब 12 मकानों को मशीनों की मदद से ध्वस्त किया गया है ताकि रेलवे लाईन का दोहरीकरण का कार्य सुचारू रूप से हो सके। हालांकि बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मकान तोड़े जाने का विरोध किया लेकिन पुलिस बल और आरपीएफ के सामने ग्रामीणों की एक नहीं चली। रेलवे द्वारा लाई गई जेसीबी मशीन की मदद से मकानों को तोड़ा गया। एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि सुबह बड़ी संख्या में पुलिस बल को देखकर हम चौंक गए। जेसीबी मशीन के साथ रेलवे अधिकारियों, तहसीलदार, पटवारी ने मकानों को खाली करने को कहा, उसके कुछ देर बाद मकानों को तोडऩे लगे। कुछ ग्रामीणों को सामान निकालने का भी समय नहीं दिया। बड़ी मिन्नत के बाद घरों से सामान बाहर निकालने दिया। गॉव के एक ग्रामीण ने कहा कई दशकों से हम इन मकानों में रह रहे थे।

### इनका कहना-

चपरन में जो मकान तोड़े जा रहे हैं, इन 35 मकान की भूअर्जन कार्रवाही कर रेलवे के पक्ष में रजिस्ट्री करवा कर नियमानुसार मुआवजा राशि का वितरण किया गया है। अब आज इन मकानों को तोडऩे की कार्रवाही की जा रही है जिससे रेलवे लाइन के दोहरीकरण का काम सुचारू रूप से चल सके।

**जीएस पटेल, एसडीएम नौगांव**

## 9 सालों से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** बीते 9 सालों से फरार चल रहे एक वांरटी को निवार चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया हे। पुलिस के अनुसार फरार गैरमियादी वारंटी ग्राम टिकरिया निवासी 40 वर्षीय तिलक सिंह पिता गणेश सिंह ठाकुर पिछले 9 वर्षों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। वारंटी को जेल भेज दिया गया है। निवार चौकी प्रभारी नेहा मौर्य ने बताया कि आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेशी से अनुपस्थित था, जिस पर गैरमियादी वारंट जारी था।

# 40 घंटे बाद तलैया से मिला गुमशुदा युवक का शव

**छतरपुर।** चंदला नगर की तलैया में बीते दो दिनों से चल रहे रेस्क्यू अभियान के बाद आखिरकार गुमशुदा युवक का शव बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान चंदला के वार्ड 7 निवासी छोटे लाल साहू के पुत्र हर्ष साहू के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हर्ष साहू 15 सितंबर की शाम घर से बिना बताए अचानक लापता हो गया था।



परिजन जब देर रात तक युवक का कोई सुराग नहीं लगा पाए तो 16 सितंबर को चंदला थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही थानाप्रभारी उदयवीर सिंह ने साइबर सेल की मदद से युवक के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करवाई, जिसमें पता चला कि मोबाइल थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर सक्रिय है। पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशी के दौरान युवक का मोबाइल और जूते बरामद किए। इसके बाद पुलिस ने तत्काल एसडीईआरएफ टीम को सूचित किया। टीम ने देर शाम करीब ढाई घंटे तक तलैया में रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। वहीं बुधवार सुबह गोताखोरों की टीम ने एक बार फिर तलाशी अभियान शुरू किया और जाल में फंसा युवक का शव बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए चंदला स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घटना से नगर में शोक का माहौल व्याप्त है।

## छतरपुर में 15 सदस्यीय टीम की दबिश टेक्स चोरी का खुलासा संभावित



**छतरपुर।** जिले में जीएसटी विभाग की एक बड़ी कार्रवाई ने व्यापार जगत में हड़कम्प मचा दिया है। स्टेट जीएसटी की 15 सदस्यीय टीम ने मंगलवार दोपहर 2 बजे से छतरपुर शहर सहित आसपास के इलाकों में छापेमारी शुरू की, जो बुधवार को भी जारी रही। जानकारी के अनुसार, कार्रवाई प्रमुख रूप से गल्ला मंडी स्थित जाली फैक्ट्री और अग्रसेन स्कूल के पास दो फर्मों पर की जा रही है। यह फर्में ड्राईफ्रूट और मसाले के थोक कारोबार से जुड़ी हुई हैं। संबंधित फर्मों का संचालन पति-पत्नी की साझेदारी में बताया गया है। इनमें मोनू ट्रेडिंग कंपनी और तिरुपति ट्रेडर्स शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान टीम ने अलीपुरा वेयरहाउस और मऊ सानिया में भी स्टॉक का मिलान किया। अधिकारियों के अनुसार, माल के वास्तविक स्टॉक और रजिस्टर में दर्ज मात्रा के बीच अंतर की जांच की जा रही है। प्राथमिक रूप से अनुमान है कि बड़े स्तर पर कर चोरी का मामला सामने आ सकता है। टीम का नेतृत्व असिस्टेंट कमिश्नर सुरेश साकेत और एसटीओ पहलाद दांगी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि ड्राईफ्रूट और मसालों पर 5 और 12 प्रतिशत जीएसटी दरें लागू हैं, जिनकी सही अदायगी की पुष्टि की जा रही है।

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कचरा साफ कर स्वच्छता थीम का मैसज दिया

### सेवा पखवाड़े अंतर्गत निकाला गया प्लॉग रन

### 2 अक्टूबर तक जिले के निकायों एवं पंचायतों में चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

**छतरपुर।** 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़े अंतर्गत छतरपुर जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा। बुधवार की प्रातः जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा छतरपुर शहर में प्लॉग रन का आयोजन किया गया। जिसमें सड़कों से कचरा साफ कर स्वच्छता थीम का मैसेज दिया गया। प्लॉग रन का शुभारंभ विधायक ललिता यादव एवं कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 से हरी झंडी दिखाकर किया गया। जो महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, पुलिस लाइन मार्ग से होते हुए प्रारंभ स्थान पर समाप्त हुआ। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम अखिल राठौर, डिप्टी कलेक्टर माधवानी, सीएमओ माधुरी शर्मा, नपा कर्मचारी, स्वच्छता कर्मी, स्वयंसेवी



संस्थाओं सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी और स्कूली बच्चों ने सहभागिता की। विधायक श्रीमती यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर हम सभी ने स्वच्छता अभियान चलाया है। जो पूरे देश में चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के तहत सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायत में चरणबद्ध तरीके से स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएगी और स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा प्लॉग रन के दौरान कचरा साफ कर स्वच्छता की थीम का मैसेज देने का प्रयास किया गया है।

## तेज आवाज वाले साइलेंसर पर यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई



**छतरपुर।** शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए छतरपुर पुलिस द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। ध्वनि प्रदूषण करने वाले एवं अन्य चालकों का ध्यान भंग कर दुर्घटना की संभावना बढ़ाने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग की जा रही है। छतरपुर नगर में यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न चेकिंग प्वाइंटों पर अभियान चलाकर शासन द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत पाए गए ध्वनि प्रदूषण कारक साइलेंसर तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई एवं प्राप्त राशि शासन के खाते में जमा की गई। चेकिंग के दौरान ऐसे मॉडिफाइड साइलेंसर मैकेनिक की सहायता से हटाकर कंपनी फिटेड साइलेंसर पुनः लगाए गए। साथ ही, जब्त किए गए मानक-विपरीत साइलेंसरों को नष्ट करने की कार्रवाई भी की गई।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर नौगांव में पौधरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया रोपण

### सांदीपनि विद्यालय प्रांगण में हुआ आयोजन, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**नौगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को भाजपा मंडल नौगांव नगर की ओर से सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 75 फलदार एवं छायादार पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा चंद्रभान गौतम एवं नगरपालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने की। भाजपा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उनके जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। मुख्य अतिथि चौधरी मुकेश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। हमें उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समाजहित और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधा लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं और बच्चों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं और उसे पालें। जिला अध्यक्ष चंद्रभान गौतम ने कहा कि



पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प का हिस्सा है। वृक्ष लगाने से न केवल हमें शुद्ध वायु मिलती है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह अमूल्य धरोहर है। नगरपालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने कहा कि नगर में हरियाली बढ़े, इसके लिए नगर पालिका द्वारा भी विशेष अभियान चलाए जाएंगे और नागरिकों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में दर्जनों पौधे लगाए गए और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। अंत में भाजपा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद अतिथियों ने पारस पीपल, नीम, आम, शीशम, बरगद सहित फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए गए। इस दौरान प्राचार्य आरके पाठक, सूरज देव मिश्रा, राजेंद्र दीक्षित, दीपक दीक्षित, मणिकांत चौरसिया, संतोष दीक्षित, अभिलाषा शिवहरे, धीरज सिंह, लोकेंद्र सिंह लहादरा, राघवेंद्र सिंह नाती राजा, भोले पटेरिया, रवि प्रजापति, अनिल अहिरवार, अंजना राजपूत, अरविंद तिवारी महतौल, आशीष गुड्डू रिछारिया, अजीत सिंह,ललित नायक, सी. बी. त्रिपाठी,संतोष गंगेले, श्यामसुंदर सोनी, श्यामसुंदर अरजरिया, राहुल साहू, खेमचंद्र साहू सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर बक्सवाहा में स्वच्छता अभियान, अभिषेक व प्रसाद वितरण



**बक्सवाहा।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आज पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सेवा पखवाड़ा शुभारंभ के अवसर पर भाजपा मंडल बक्सवाहा द्वारा नगर के महेंद्र सागर तालाब परिसर में भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह से ही पार्टी पदाधिकारी और नगर परिषद का अमला तालाब और मंदिर परिसर की सफाई में जुटा रहा। इस दौरान शंकर भगवान मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक किया गया और प्रसाद वितरण कर लोगों को सेवा और स्वच्छता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे, तहसीलदार भरत पांडेय, नगर परिषद सीएमओ नेहा शर्मा, जनपद अध्यक्ष मोती यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष अभय फट्टा, मंडल उपाध्यक्ष भलभद्र राय, कपिल तिवारी, लकी राय, युवा मोर्चा महामंत्री प्रियांशु रावत, बीरमपुरा सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र बासुदेव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, नगर परिषद के सफाई कर्मचारी और स्टाफ मौजूद रहे।

नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन-कल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी जी ने देश को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है और 'स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं से जन-आंदोलन खड़ा किया है। इसी कड़ी में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत हर नागरिक को समाजसेवा और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का एक संकल्प है।

इस अवसर पर मौजूद लोगों ने तालाब परिसर में वृक्षारोपण कर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद आम नागरिकों ने भी मोदी जी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और बक्सवाहा को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

## स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत नगर परिषद खजुराहो में हुआ शुभारंभ



**खजुराहो।** खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा एवं स्थानीय विधायक अरविंद पटेरिया के मार्गदर्शन में कलेक्टर के निर्देशन पर नगर परिषद खजुराहो के अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष बिट्टी बाई पाल जनप्रतिनिधि बहादुर पाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ बुधवार को शिव सागर तालाब पर श्रम दान पखवाड़ा अंतर्गत किया गया। इस मौके पर तालाब के घाटों की साफ-सफाई, स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छता लक्षित इकाई के रूप में तालाब की साफ सफाई की गई जिसमे लगभग 2 ट्रॉली कचरे को उक्त स्थल से हटवाया गया एवं तालाब को स्वच्छ किया गया।उक्त श्रम दान पखवाड़ा अन्तर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर से प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जानी हैं जिसमे स्वच्छ लक्षित इकाईयो का रूपान्तरण, सार्वजनिक स्थलो की साफ सफाई, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, एक पेड़ मॉ के नाम अन्तर्गत क्लीन ग्रीन उत्सव, स्वच्छता श्रमदान सफाई मित्रो एवं स्वच्छता एम्बेसडर का सम्मान भी उक्त अभियान अंतर्गत किया जाना है।आज की गतिविधि में तालाब की साफ सफाई के अलावा स्कूलों में बच्चो को स्वच्छता शपथ भी दिलवाई गई। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी, पार्षद गौरव सिंह बघेल, राजकुमारी दुबे, कपिल बुन्देला, रामस्वरूप अहिरवार, रविंद्र पाठक,विरेन्द्र सिगौत,पुरातत्व विभाग अधिकारी व कर्मचारी अखलेश शुक्ला के साथ साथ नगर परिषद के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## लीनेस क्लब की आधिकारिक यात्रा एवं एरिया कॉन्फ्रेंस संपन्न



**छतरपुर।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब की आधिकारिक यात्रा एवं एरिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर छतरपुर के लीनेस होम क्लब एवं लीनेस उड़ान क्लब के साथ ही पन्ना टाइगर सफारी एवं पन्ना होम क्लब की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता कपूर तथा स्टार ऑफ सेरेमनी अंजू कटारे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। साथ ही एरिया ऑफिसर रजनी रावत, पीडीपी मेंबर सुषमा दोसाज, पीडीपी मेंबर आभा श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह, कल्पना अग्रवाल एवं शिवानी चौरसिया ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।उड़ान क्लब की अध्यक्ष धीरज मिश्रा एवं पीएसपी बीओडी मेम्बर्स सहित सभी क्लबों के सम्मानित सदस्य इस अवसर पर मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस के दौरान सेवा गतिविधियों और प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्लबों को सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में सर्वश्रेष्ठ विनायक अवार्ड, स्क्रैप बुक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा सर्वश्रेष्ठ ड्रेस कोड में प्रथम पुरस्कार सहित कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां लीनेस उड़ान क्लब छतरपुर के नाम रहीं। इसके अतिरिक्त सभी क्लबों द्वारा बैनर प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सराहना प्राप्त हुई। इस अवसर पर श्रीमती धीरज मिश्रा, स्मिता जैन, सुनीता पथौरिया, शिवानी चौरसिया, सुखविंदर कौर, बलजीत कौर, जगजीत कौर, उर्मिला अहिरवार, मीरा राजा, चंद्रमुखी चौरसिया, रश्मि चौरसिया, रश्मि तिवारी, चंदा चौरसिया, प्रभा पटेल, रिहाना अंसारी, भावना नगरिया, सुनीता गुप्ता, सीमा चौरसिया, पूनम खुराना, पुष्पा चौरसिया, इंदिरा गौतम सहित लीनेस क्लब की अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## देश को ऊंचाइयों तक ले जाने वाले प्रधानमंत्री को बागेश्वर महाराज ने दी शुभकामनाएं




### बागेश्वर धाम में पीएम के जन्मदिन पर हुए अनेक कार्यक्रम

**छतरपुर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में भी विभिन्न कार्यक्रम रखे गए। हवन पूजन कर उनके स्वस्थ और मंगलमय जीवन की कामना की गई। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि चंद्रमा में भी तिरंगा पहुंचाने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत को और ऊंचाइयों तक ले जाएं ऐसी कामना है। उन्हें जन्मदिन की कोटि-कोटि शुभकामनाएं। बागेश्वर महाराज ने कहा कि यह देश सत्य सनातन संस्कृति का देश है। जहां ब्रह्म स्वयं प्रकट हुए यह वही भारत है। यहां जन्म लेने वाला हर नागरिक अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है। महाराज श्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर कहा कि हमेशा भ्राता रूप में उनका स्नेह मिला है, वह सदैव प्रसन्न रहते हुए देश को और तरक्की की ओर ले जाएं।

### बनारस, प्रयागराज के 75 ब्राह्मणों ने किया अनुष्ठान -

बागेश्वर धाम के प्रधान पुजारी प्रदीप महाराज ने बताया कि सिद्ध पीठ आश्रम में महाराज श्री के आदेशानुसार बनारस एवं प्रयागराज से आए 75 ब्राह्मणों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने बताया कि बालाजी के चरणों में महाराज श्री ने मोदी जी की दीर्घायु की कामना की। पाठ के बाद महामृत्युंजय एवं नवग्रह का हवन पूजन भी किया गया। वहीं धीरू महाराज ने बताया कि इस अवसर पर 75 गोदान का संकल्प लिया गया। प्रधानमंत्री के 75 वर्ष होने के कारण 75 अनाथ एवं गरीब बच्चों हेतु बैग एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। इतना ही नहीं 7500 लोगों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई। कन्या पूजन के साथ कन्या भोज का भी विशेष कार्यक्रम रखा गया।

# पीएचई विभाग में घमासानः प्रभारी कार्यपालन यंत्री पर ठेकेदारों और कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

**ठेकेदारों ने कहा एडवांस में कमीशन लेने के बाद भुगतान में अड़चन, और गैरहाजिरी के गंभीर आरोप समझौते के लिए रेस्ट हाउस में बुलाई गई बैठक में भी नहीं बनी बात, जमकर हुआ हंगामा**





रीवा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रीवा में लंबे समय से चल रहे अंतर्कलह और प्रशासनिक अड़चनों ने अब बड़ा मोड़ ले लिया है। विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजय पांडेय के खिलाफ नाराजगी का आलम इतना बढ़ गया कि उनके ही अधीनस्थ कर्मचारी और ठेकेदार अब खुलकर सामने आ गए हैं। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए यह मामला अब सीधे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के दरबार तक जा पहुंचा है। हालात को संभालने के लिए उप मुख्यमंत्री के निज सचिव राजीव तिवारी ने सर्किट हाउस में दोनों पक्षों के बीच बैठक आयोजित की, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही। बैठक के बाद बाहर निकले ठेकेदारों और विभागीय कर्मचारियों ने सार्वजनिक रूप से संजय पांडेय पर गंभीर आरोप लगाए और खुलकर अपनी पीड़ा जाहिर की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विभागीय कामों में पारदर्शिता के अभाव ने ठेकेदारों को आर्थिक रूप से बुरी तरह झकझोर दिया है। ठेकेदारों का कहना है कि कार्य शुरू करने से पहले ही निर्धारित प्रतिशत के आधार पर कमीशन की मांग की जाती है। इसके बाद भी समय-समय पर अलग-अलग बहानों से वसूली होती है। परेशान ठेकेदारों ने यह भी बताया कि बीते दो वर्षों से विभाग में कई परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं और नए कार्यों की स्वीकृति भी ठंडे बस्ते में है। वहीं जिन ठेकेदारों ने समय पर कार्य पूर्ण कर दिया है, उनके भुगतान अनावश्यक कारणों से रोके जा रहे हैं। आरोप है कि कभी विभागीय ऑडिट तो कभी वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के नाम पर रकम की मांग की जाती है। वही बता दे प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजय पांडेय पहले से ही जांच के घेरे में हैं। विधानसभा में उनके खिलाफ उठे सवालों के बाद जांच प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। साथ ही लोकायुक्त कार्यालय भी उन्हें फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों के मामले में नोटिस जारी कर चुका है। हाल ही में उनसे उनकी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत करोड़ों रुपए के घोटाले में भी उनकी भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। आरोप है कि योजना के क्रियान्वयन में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं, जिनकी कड़ियां विभागीय नेतृत्व से जुड़ती दिखाई दे रही हैं।बॉक्स कमीशन पहले लिया, भुगतान फिर भी नहीं दिया महिला ठेकेदार निशा सिंह, जो अपने दिवंगत भाई के कार्यों को आगे बढ़ा रही हैं, ने बताया कि उनके परिवार ने वर्षों से विभाग में काम किया है। बावजूद इसके उनका भारी भरकम भुगतान अटका हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके भाई से कार्य शुरू करने से पहले ही एडवांस कमीशन लिया गया था, फिर भी भुगतान नहीं किया गया। एक अन्य ठेकेदार अनुपम त्रिपाठी ने कहा कि विभागीय प्रक्रियाओं में देरी और अनावश्यक मांगों के कारण उन्हें भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया है, उनसे सिक्योरिटी के रूप में जमा कराई गई एफडी की राशि वापस लेने में भी अड़चने डाली जा रही हैं।ब्लॉक्सकार्यालय में उपस्थिति नहीं, जवाबदेही शून्यकर्मचारियों का आरोप है कि प्रभारी कार्यपालन यंत्री अधिकांश समय कार्यालय में अनुपस्थित रहते हैं, जिससे विभागीय कार्यों की गति थम गई है। ठेकेदारों और कर्मचारियों को महीनों कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिलता। काम की गुणवत्ता और समयबद्धता प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा असर योजनाओं के क्रियान्वयन पर पड़ रहा है।बॉक्स136 करोड़ का घोटाला आ चुका सामनेबीते साल कलेक्टर ने जलजीवन मिशन की जांच कराई थी। इसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में करीब 136.28 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था। अकेले जलजीवन मिशन में 130.47 करोड़ का घपला शामिल है। साथ ही हैंडपंप मेंटेनेंस में 3.17 करोड़, टीपीआई में 74.64 लाख, आइएसए में 85.70 लाख, स्टेशनरी, वाहन, फोटोकॉपी में 1.02 करोड़ रुपए की अनियमितता विभाग ने मानी। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि गांवों में नल कनेक्शन कर योजना को पूरा बताया गया, लेकिन पानी टंकियां नहीं बनाई गई। साथ ही कई साथ ही कई जगह पाइपलाइन ही नहीं बिछाई गई। मामले में विभाग में विभाग ने तत्कालीन कार्यपालन यंत्री शरद सिंह और संजय पांडेय सहित कई अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका को संदिग्ध माना। कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कुछ कर्मचारियों के निलंबन के अलावा अन्य पर कार्रवाई नहीं की गई है।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा हुआ शुरूमातृ शक्ति के स्वस्थ रहने से ही समाज सशक्त होगा

**जनार्दन मिश्रा महासेवा अभियान का हुआ शुभारंभस्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की हुई शुरूआत**





रीवा। जिले भर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर महासेवा अभियान का शुभारंभ हुआ। स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुरूआत हुई तथा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित होने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का भी शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धार जिले में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास कर जनकल्याणकारी योजनाओं की राशि हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। प्रधानमंत्री जी के लाइव समारोह को जिला चिकित्सालय रीवा में आयोजित कार्यक्रम में देखा गया। प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रधानमंत्री को साधुवाद दिया कि उन्होंने अपना 75वां जन्म दिवस मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में आदिवासी भाई बहनों के मध्य मनायाकुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कल्याणकारी कार्य किये जा रहे हैं। स्वस्थ्य व्यक्ति से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो आगे बढ़ने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का जन्म दिवस पर किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्य समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के जीवन में प्रकाश लाने का माध्यम बनेंगे। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति के स्वस्थ रहने से ही समाज सशक्त होगा। सांसद ने उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ सेवा पखवाड़ा की शुरूआत हुई है। उन्होंने रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान करने वालों को साधुवाद दिया। निःशुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन जिला चिकित्सालय में महिलाओं में एनीमिया, कैंसर, क्षय रोग, मोतिया विंद, ग्लुकोमा के साथ ही रक्तचाप, मधुमेह, टीबी सहित संचारी व असंचारी रोगों की पहचान के लिये जांच की गई। इस दौरान 967 व्यक्तियों की जांच की गयी। गर्भवती महिलाओं की जांच के साथ महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। शिविर के प्रथम दिन 80 लोगों की हीमोग्लोबिन, 143 रक्तचाप, 116 के मधुमेह, 5 सरवाइकल कैंसर स्क्रीनिंग, 62 ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, 4 ब्रोस्ट कैंसर स्क्रीनिंग, 93 सिकल सेल स्क्रीनिंग तथा अन्य 233 लोगों की जांच की गयी। इस अवसर पर 79 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। प्रथम दिवस जांच के दौरान 27 मेजर सर्जरी तथा एक माइनर सर्जरी का चिन्हांकन किया गया। बॉक्स 100 से अधिक रक्तदाताओं ने किया रक्तदान जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 87 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व स्थानीयजनों ने रक्तदान किया।

# दिनदहाड़े महिला से चेन स्नेचिंग, बाइक सवार बदमाशों के साथ थी नकाबपोश युवती



रीवा। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेन टोला इलाके में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब तीन अज्ञात बदमाशों ने एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। यह वारदात दिनदहाड़े करीब 2 बजे उस समय हुई, जब बुजुर्ग महिला संजय गांधी अस्पताल से आंखों का इलाज करवा कर पैदल अपने घर लौट रही थी। जानकारी के अनुसार, पीड़िता कुसुम नामदेव पति ताराचंद, निवासी पांडेन टोला, संजय गांधी अस्पताल से लौटते समय जैसे ही अपने मोहल्ले के पास पहुंचीं, पीछे से एक युवक आया और अचानक उनके गले से सोने की चेन झपटकर दौड़ पड़ा। महिला ने शोर मचाया और पीछा करने की कोशिश भी की, लेकिन बदमाश पहले से तैनात अपने साथियों की बाइक पर सवार होकर कुछ ही सेकंड में मौके से फरार हो गए। बता दे जिस बाइक से बदमाश भागे उसमें तीन लोग सवार थे बाइक चला रहा युवक, चेन झपटने वाला युवक, और सबसे पीछे बैठी एक नकाबपोश युवती। युवती नीले चेकदार सूट में थी और उसने गमछे से अपना चेहरा ढक रखा था। वारदात के तुरंत बाद तीनों बदमाश तरहटी की ओर भागते देखे गए।बुजुर्ग महिला किसी तरह घर पहुंचीं और परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की लेकिन बदमाश तंग गलियों का फायदा उठाकर फरार हो गए। पांडेन टोला जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बदमाशों की पहचान के लिए फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# खाद की अवैध बिक्री पर सेमरिया में दो दुकानें की गई सील



रीवा । जिले भर में राजस्व अधिकारियों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में खाद का वितरण किया जा रहा है। निजी दुकानदारों द्वारा की जा रही खाद बिक्री पर भी लगातार निगरानी की जा रही है। सेमरिया में खाद की अवैध रूप से बिक्री करने पर दो दुकानें सील की गई हैं। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि राकेश बीज भण्डार से खाद के अवैध वितरण की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार राजेश तिवारी ने कार्यवाही की। राकेश बीज भण्डार को 280 बोरी यूरिया आवंटित की गई थी। दुकानदार द्वारा निर्धारित दुकान के बजाय अन्य स्थान पर खाद उतारकर निर्धारित दर से अधिक राशि लेकर खाद की बिक्री की जा रही थी। बिक्री स्थल पर पीओएस मशीन बिक्री रजिस्टर भी नहीं पाया गया। नायब तहसीलदार ने मौके पर 83 बोरी खाद जब्त की तथा दुकान को सील कराया। इसके बाद राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने रमेश कृषि सेवा केन्द्र हरदुआ में कार्यवाही करते हुए दो सौ बोरी यूरिया खाद जब्त की। दुकान को 280 बोरी यूरिया आवंटित की गई थी। दुकानदार ने बिना पीओएस मशीन एवं वितरण पंजी के 80 बोरी खाद अधिक दाम में बेंची गई। इस दुकान को भी सील कर दिया गया है। खाद की बिक्री और वितरण पर लगातार निगरानी की जा रही है। एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने भी 16 सितम्बर को रीवा में खाद बिक्री केन्द्र से अधिक दाम में खाद बेचे जाने पर कार्यवाही की।

# प्रसव के 25 दिन बाद महिला की मौत, परिजनों ने लगाया चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप पन्ना से प्रसव के लिए आए थे, संजय गांधी अस्पताल, पुलिस ने शुरू की जांच

रीवा।



संजय गांधी अस्पताल में प्रसव के 25 दिन बाद एक महिला की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन के खिलाफ परिजनों में गहरा आक्रोश देखा गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र की निवासी 26 वर्षीय गोमती बाई पत्नी सुनील गोड़ को परिजन 21 अगस्त को संजय गांधी अस्पताल, रीवा लेकर आए थे। चिकित्सकों ने जटिल स्थिति को देखते हुए ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव कराया। गोमती ने एक स्वस्थ कन्या को जन्म दिया। डिलीवरी के कुछ दिनों बाद ही उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, और परिजन उसे घर वापस ले गए,हालांकि, परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद गोमती की तबीयत लगातार बिगड़ती रही। पेट के टांकों में संक्रमण हो गया और सूजन बढ़ने लगी। महिला को फिर से 5 सितंबर को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे दोबारा ऑपरेट किया।परिजन बताते हैं कि दोबारा ऑपरेशन के बाद भी गोमती की हालत में सुधार नहीं हुआ और 16 सितंबर की शाम उसकी मौत हो गई। मृतका के पति सुनील गोड़ और अन्य परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन में लापरवाही बरती गई थी। उनका कहना है कि डॉक्टरों द्वारा टांके सही तरीके से नहीं लगाए गए, जिसके कारण संक्रमण फैला और गोमती की जान चली गई। परिजनों ने कहा कि यदि समय रहते सही उपचार मिलता, तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर चिकित्सा प्रक्रिया में लापरवाही और मरीज की स्थिति को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। घटना की सूचना मिलते ही संजय गांधी अस्पताल पुलिस चौकी को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राहक बनकर पहुंची एसडीएम तो खाद की कालाबाजारी का हुआ भंडाफोड़, पूरी दुकान सील ज्यादा कीमत पर यूरिया बेच रहा था दुकानदार, रंगे हाथ पकड़ा



रीवा। शहर के कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने स्थित एक निजी खाद विक्रेता की दुकान पर खाद की काला बाजारी और नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया है। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए अनोखी रणनीति अपनाते हुए एसडीएम वैशाली जैन ने स्वयं एक आम ग्राहक के रूप में दुकान पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम को अपनी निगरानी में अंजाम दिया। बता दे एसडीएम ने चेहरा स्कार्फ से ढंक रखा था ताकि उनकी पहचान जाहिर न हो। दुकान पर पहुंचते ही उन्होंने यूरिया की कीमत पूछी, जहां 232 रुपये की सरकारी दर वाली खाद को 535 रुपये में बेचा जा रहा था। दुकानदार यह जान ही नहीं पाया कि वह एक प्रशासनिक अधिकारी को ही ओवररेट में खाद बेच रहा है। खरीद की पुष्टि होते ही एसडीएम ने अपनी पहचान उजागर की और तत्काल पुलिस बल को मौके पर बुलाया। छापेमारी शुरू होते ही अफरा-तफरी मच गई । बता दे सीताराम गुप्ता की खाद की दुकान से लगातार शिकायते आ रही थी। जांच में सामने आया कि दुकान में रजिस्टर संधारित नहीं था, न ही विक्रय प्रक्रिया में किसानों की पहचान के लिए किसी अंगूठे या आधार कार्ड का उपयोग हो रहा था। पूरा लेन-देन नगद में किया जा रहा था, जो नियमों के विपरीत है। इस दौरान एसडीएम ने पुलिस को निर्देशित किया कि दुकानदार को हिरासत में लेकर पूछताछ करें। इस पूरी कार्रवाई के दौरान पास खड़े एक किसान से भी खाद की कीमत की जानकारी ली गई, जिससे यह पुष्टि हो गई कि दुकान में तय दर से अधिक वसूली की जा रही थी। इसके आधार पर एसडीएम ने मौके पर किसान का बयान दर्ज किया और कृषि विभाग की टीम को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए बुलाया गया।खाद भंडार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। बॉक्स ऑटो में ले जाई जा रही थी खाद, जब्ती के आदेशजांच के दौरान दुकान के बाहर खड़ा एक ऑटो भी अधिकारियों की नजर में आया, जिसमें बड़ी मात्रा में यूरिया की बोरियां लदी हुई थीं। पूछताछ में कोई वैध कागजात नहीं प्रस्तुत किए जा सके, जिसके बाद एसडीएम ने तत्काल खाद को जब्त करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक जब्त सामग्री को नहीं छोड़ा जाएगा।बॉक्स गोडाउन पर भी मारा गया छापामामला यहीं नहीं रुका। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि संबंधित दुकानदार द्वारा अपने निजी गोडाउन से भी खाद को ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। इसी के आधार पर एक टीम ने संबंधित गोडाउन पर भी छापा मारा, जहां कई अनियमितताएं सामने आईं। यहां भी स्टॉक का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं मिला और पीओएस मशीन का उपयोग नहीं किया गया था।

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस विशेष

# जोड़ों के दर्द में फिजियोथेरेपी के साथ पीआरपी दे रही बेहतर आराम – डॉ. आकाश सावजी

हर वर्ष 8 सितंबर को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को फिजियोथेरेपी और व्यायाम की उपयोगिता के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर नागपुर (महाराष्ट्र) के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. आकाश सावजी ने बताया कि आज की भागदौड़-भरी जिंदगी, गलत खानपान और नियमित व्यायाम की कमी के चलते घुटनों और जोड़ों का दर्द आम समस्या बन चुका है। ऐसे में नियमित फिजियोथेरेपी के साथ-साथ सही उपचार अपनाकर लोग अपने शरीर का खोया हुआ लचीलापन वापिस प्राप्त कर सकते हैं और लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

**उन्होंने कहा कि दवाओं और फिजियोथेरेपी के साथ-साथ अब लोगों में प्लेटलेट रिच प्लाज्मा यानि पीआरपी तकनीक भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।**

**पीआरपी तकनीक** – इस तकनीक में पीड़ित व्यक्ति के खून से विशेष प्लाज्मा तैयार कर उसे प्रभावित घुटने या जोड़ में इंजेक्ट किया जाता है। यह प्लाज्मा ऊतक (tissue) की प्राकृतिक मरम्मत को बढ़ावा देता है और दर्द में उल्लेखनीय राहत मिलती है। इस प्रकार स्वयं के रक्त से तैयार यह प्लाज्मा सुरक्षित भी होता है। पीआरपी खासकर उन मरीजों के लिए लाभदायक है, जिन्हें लगातार घुटनों में दर्द रहता हो, पूर्व में कोई लिगामेंट इंजरी हुई हो या खेलकूद से जुड़ी चोटों का सामना करना पड़ता हो। सबसे बड़ी बात यह कि इस तकनीक को बिना सर्जरी के सुरक्षित तरीके से पूरा किया जाता है और परिणाम भी जल्दी मिलते हैं।



डॉ. सावजी ने बताया कि पहले लोग सर्जरी को ही अंतिम विकल्प मानते थे, लेकिन पीआरपी जैसी आधुनिक पद्धतियाँ अधिकांश मामलों में सर्जरी की आवश्यकता को टाल देती हैं। इससे मरीज जल्द ही सामान्य जीवन में लौट सकते हैं और उनकी सक्रियता भी बनी रहती है।

## पीआरपी क्लाउड विधि – जर्मन पेटेंट तकनीक

डॉ. सावजी के पास पीआरपी की विशेष क्लाउड विधि का अत्यंत प्रतिष्ठित जर्मन पेटेंट उपलब्ध है। उनके नागपुर स्थित केंद्र में इस उन्नत तकनीक हेतु सुविधा उपलब्ध है। गूगल सर्च में भी इस विधि से जुड़ी विस्तृत जानकारी मिल जाती है। यही कारण है कि पूरे भारत से कई मरीज विशेष पीआरपी क्लाउड उपचार के लिए नागपुर आते हैं। बीते 10 वर्षों में डॉ. सावजी और उनकी टीम ने 4000 से अधिक पीआरपी प्रक्रियाएँ सफलतापूर्वक की हैं, जिससे हजारों मरीजों को नया जीवन मिला है।

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर डॉ. सावजी ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी दिनचर्या में हल्का व्यायाम, योग और संतुलित आहार को शामिल करें। फिजियोथेरेपी न केवल दर्द कम करने में मदद करती है बल्कि शरीर का लचीलापन, गति और मजबूती बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सही समय पर सही उपचार और नियमित फिजियोथेरेपी अपनाकर हम अपने जोड़ों और हड्डियों को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं।

# मऊगंज में विधायक ने किया सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

**स्वास्थ्य जाँच, रक्तदान शिविर और पोषण प्रदर्शनी का हुआ आयोजन**



मऊगंजः मऊगंज जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय के सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के शिविर में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सेवा से स्वच्छता अभियान में हर व्यक्ति भागीदारी निभाए। अपने जिले को साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। स्वच्छता सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा पोषण जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सभी महाविद्यालयों और विद्यालयो में भी नशामुक्ति और स्वच्छता जागरूकता की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। इनके माध्यम से जन-जन तक स्वच्छता जागरूकता का संदेश पहुंचाएं। कार्यक्रम में विधायक पटेल ने स्वच्छता की शपथ दिलाई।

सेवा पखवाड़े में सिविल अस्पताल मऊगंज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं तथा अन्य महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में महिलाओं का पंजीयन करके उनके स्वास्थ्य की जाँच की गई। शिविर स्थल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम स्थल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण जागरूकता प्रदर्शनी तथा आकर्षक रंगोली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षयमुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्रों द्वारा क्षय रोगियों को पोषण आहार किट दिया गया। विधायक पटेल तथा नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल ने पोषण आहार किट का वितरण किया। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी, बीएमओ डॉ प्रद्युम्न शुक्ला, डॉ आलोक दुबे, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास निर्मला शर्मा, पर्यवेक्षक तथा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं आमजन उपस्थित रहे।



नईगढ़ी नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा

# 12 पार्षदों ने कलेक्टर के पास पहुंच कर अविश्वास प्रस्ताव का दिया ज्ञापन

मऊगंजः

जिले के नईगढ़ी नगर परिषद के पार्षदों द्वारा भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता के खिलाफ परिषद के15 पार्षदों मे12 पार्षदों ने कलेक्टर के सामने पहुंच कर अविश्वास प्रस्ताव लाने का आवेदन दिया गया।पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता द्वारा भारी अनियमिता भ्रष्टाचार किया जा रहा है। शासन की हितग्राही जैसे मूलक योजनाओं में घोर लापरवाही सहित टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी, मनमानी अनुमोदन, गरीबों की योजनाओं, एवं अपने निवास स्थान पर कार्यालय संचालित करना, व्यक्तिगत लाभ के लिए नियम विरुद्ध कार्य करना, जैसे मुद्दों को लेकर नगर परिषद नईगढ़ी अध्यक्ष नागिता गुप्ता के खिलाफ 12 पार्षदों द्वारा मोर्चा खोला गया हैअब देखना यह होगा कि भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर क्या होगा ??,यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन फिलहाल नगर परिषद नईगढ़ी में अध्यक्ष नागिता गुप्ता के खिलाफ हलचल तेज हो गई है।

## जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

पार्षदों ने संयुक्त रूप से कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि अध्यक्ष के खिलाफ बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, जो कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा-43 के तहत विधिसम्मत है। अब प्रशासन को शीघ्र निर्णय लेकर परिषद की स्थिति को सामान्य बनाना चाहिए।